आकाशवाणी केन्द्र शिमला
07.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे

झंडा दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश उन वीर पुरुषों और महिलाओं के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता है जो अटूट साहस के साथ देश की रक्षा करते हैं। सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सैनिकों का अनुशासन, दृढ़ संकल्प और अदम्य साहस लोगों की रक्षा करता है और राष्ट्र को मजबूत बनाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सैनिकों का कर्तव्य, अनुशासन और समर्पण उनकी प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने देशवासियों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

सीएम–झंडा दिवस

इधर, सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर मदन शील शर्मा ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू को सशस्त्र सेना का झण्डा लगाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से सशस्त्र सेना झण्डा दिवस कोष में उदारता पूर्वक योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश सेवा करते हुए सेना, नौसेना और वायु सेना के जवानों द्वारा दिया गया अतुलनीय बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने लोगों से नशा छोड़ कर स्वस्थ जीवन चुनने का आह्वान किया है। शिमला में आज नशाखोरी को लेकर आयोजित राज्यस्तरीय संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ रहे नशे के खिलाफ जहां सरकार और विपक्ष ने एकजुटता दिखाई है वहीं स्वयं सेवी संस्थाएं भी अपने स्तर पर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही हैं। राज्यपाल ने इस अभियान में सभी से बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया।

नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा 12 दिसंबर को दो दिवसीय शिमला दौरे पर आएंगे। वे 13 दिसम्बर को भाजपा के नए प्रदेश कार्यालय का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान वे शिमला के पीटरहॉफ में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इस जनसभा में प्रदेश के लगभग 21 विधानसभा क्षेत्रों से हजारों कार्यकर्ता के भाग लेने की संभावना है। नड्डा के ये दौरा संगठन को मजबूती के साथ–साथ आने वाले राजनीतिक घटनाक्रम के लिहाज़ से बेहद अहम माना जा रहा है।

वंदे मातरम्

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर कल सोमवार को लोकसभा में विशेष चर्चा शुरू होगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में इस चर्चा की शुरुआत करेंगे। पिछले सप्ताह इस बारे में जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया था कि पूरे दिन की चर्चा दोपहर 12 बजे शुरू होगी। उन्होंने बताया कि

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 8 दिसंबर को वंदे मातरम पर चर्चा और 9 दिसंबर को चुनाव सुधारों पर बहस होगी।

<u>सुधारीकरण</u>

तिब्बत सीमा को जोड़ने वाली 42 किलो मीटर लम्बी कडछम–सांगला–छितकुल सड़क मार्ग का सीमा सड़क संगठन द्वारा 30 करोड़ की लागत से सुधारीकरण किया जाएगा। सीमा सड़क संगठन ने सड़क सुधारने का कार्य शुरू कर दिया है। सड़क की हालत सुधरने से सांगला घाटी के 11 पंचायतों को भी फायदा होगा।

*<u>संगठन ने सड़क के सुधारिकरण का कार्य शुरू कर दिया है जिला किन्नोर के सांगला घाटी के लोग लंबे समय से खस्ताहाल सड़क पर सफर करने को मजबूर थी इस साल जनवरी में यह सड़क लोक निर्माण विभाग से सीमा सड़क संगठन के अधीन हुई थी और घाटी के लोगों के साथ देश विदेश से आए पर्यटकों को बेहतर सड़क सुविधा मिले कि संगठन ने सड़क का कार्य शुरू कर दिया है सड़क के हालात सुधरने से 11 पंचायत के ग्रामीण देश के सीमा पर तैनात भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल तथा भारतीय सेना समित देश विदेश से सांगला आने वाले पर्यटकों को आरामदायक सफर की सुविधा मिलेगी</u>*

*<u>आकाशवाणी के लिए किन्नौर से मैं सुमेश नेगी</u>*

<u>भाजपा</u>

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अजय राणा ने कहा है कि केन्द्र सरकार प्रदेश के विकास के लिए निरंतर उदार आर्थिक सहायता दे रही है। एक बयान में उन्होंने कहा कि पिछले 3 वर्षों में केन्द्र सरकार ने लोक निर्माण विभाग को विभिन्न योजनाओं के तहत 4 हज़ार 8 सौ 30 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण इलाकों के तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण के तहत सबसे अधिक करीब 3 हज़ार 3 सौ 45 करोड़ रूपए की मंजूरी मिली है। उन्होंने कहा कि भाजपा तथ्यों और विकास के साथ खड़ी है जबकि कांग्रेस केवल श्रेय लेने और भ्रम फैलाने का प्रयास करती रही है।